विधान परिषद् के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर-

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 10 (क) क्या इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज जिले को लखनऊ की भाँति आई0टी0 सिटी के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में कोई कार्ययोजना बनाएँगे ? | राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की गई "उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा नीति-2022" के अन्तर्गत पश्चिमांचल (ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र के आगरा जनपद), मध्यांचल, पूर्वांचल तथा बुन्देलखण्ड- प्रत्येक क्षेत्र में एक आईटी सिटी विकसित किये जाने का प्रयास है तथा प्रयागराज जनपद पूर्वांचल क्षेत्र के अन्तर्गत आच्छादित है। आईटी सिटी के विकास के लिए सरकार द्वारा विकासकर्ताओं को विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से सहायता प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। |
| (ख) यदि हाँ, तो कब तक ? | उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा नीति-2022 के अन्तर्गत सरकार द्वारा इस प्रयोजन हेतु उपरोक्तानुसार पहल की जा चुकी है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

(योगेन्द्र उपाध्याय)
मंत्री।
आई0टी0 एवं इले0 विभाग